**आय भी अर्जित हुई** | जिले के युवाओं ने बिना इंजीनियरिंग पढ़ाई किए दिखाई इंजीनियरिंग सोच

# अभियंता दिवस पर देसी जुगाड़ का कमाल





**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** अभियंता दिवस पर जिले के दो युवाओं ने यह साबित कर दिया कि इंजीनियरिंग केवल किताबों और डिग्रियों तक सीमित नहीं, बल्कि सोच और हुनर से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। बिना इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी किए, दोनों युवाओं ने ऐसे जुगाड़ किए हैं जिनसे न केवल इंजीनियर बल्कि समाज भी प्रभावित हो रहा है।

बदरा निवासी रामस्वरूप विश्वकर्मा, जो दसवीं कक्षा तक ही पढ़े हैं, ने देसी जुगाड़ से करोड़ों की लागत वाली बोरिंग मशीन को मात्र 8 लाख रुपये में तैयार कर दिया। उनकी मशीन अब तक 200 से अधिक बोर कर चुकी है और लागत से तीन गुना आय भी अर्जित हो चुकी है। यह मशीन 300 फीट तक 10 इंच का बोरिंग कर सकती है।

## बनाई बोरिंग मशीन, अब बनाएंगे मिक्सर मशीन

रामस्वरूप ने बताया कि महंगी बोरिंग मशीनें आम लोगों की पहुंच से बाहर थीं, इसलिए उन्होंने खुद ही मशीन तैयार की। इसके कुछ पार्ट्स उन्होंने गुजरात से मंगाए और बाकी खुद बनाए। वे अब कंस्ट्रक्शन में उपयोग होने वाली मिक्सर मशीन को भी देसी तकनीक से सस्ता बनाने पर काम कर रहे हैं, जिसकी कीमत बाजार में 30-35 लाख रुपये तक है।

## रितिक गुप्ता ने बनाई ड्रोन टैक्सी

ग्राम खाडा निवासी रितिक कुमार गुप्ता, जो एसईसीएल कोयला खदान में कार्यरत हैं, ने 5.5 लाख रुपये की लागत से ड्रोन टैक्सी तैयार की। बीटेक की पढ़ाई बीच में छोड़ने के बावजूद उन्होंने केवल छह महीने में यह ड्रोन बना डाला। इसमें अब तक पांच बार सफल परीक्षण किया जा चुका है, जबकि अभी सेफ्टी डिवाइस लगाने का काम बाकी है।

## शहरी परिवहन की समस्या का हो सकता है समाधान

रितिक ने बताया कि यह ड्रोन टैक्सी शहरी परिवहन की समस्या का समाधान हो सकती है। विदेशों में जहाँ एक सीटर ड्रोन टैक्सी 1 करोड़ रुपये तक की मिलती है, वहीं उनकी योजना इसे मात्र 15 लाख रुपये में उपलब्ध कराने की है। साथ ही वे 3 सीटर ड्रोन टैक्सी बनाने पर भी काम कर रहे हैं। उनकी बनाई टैक्सी में 8 मोटर हैं और हर मोटर 56 किलो तक का वजन उठा सकती है।

### यह प्रयास मेक इन इंडिया पहल को भी गति देगा

रितिक का मानना है कि यह मेक इन इंडिया पहल को भी गति देगा और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का नया विकल्प बनेगा। अभियंता दिवस पर जिले के इन दो युवाओं की जुगाड़ सोच ने न केवल अभियंताओं को सोचने पर मजबूर किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि लगन और नवाचार से बड़े से बड़ा सपना साकार किया जा सकता है।



# देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक पोस्ट

▶ आरोपी माघन चौधरी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** जिले के थाना चचाई क्षेत्र में धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम कैमपुरी निवासी माखन चौधरी को पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने के आरोप में चचाई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उल्लेख किया गया कि आरोपी ने माता शारदा की मूर्ति पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। इससे पूर्व भी उसने हनुमानजी पर अभद्र टिप्पणी की थी। समाज का कहना है कि ऐसे कृत्य न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द और शांति के लिए भी गंभीर खतरा हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट एवं टिप्पणियों के डिजिटल सबूत एकत्रित किए जा रहे हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

इस गिरफ्तारी को समाज ने धार्मिक भावनाओं की रक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। हिन्दू समाज ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और मांग की है कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर दंड सुनिश्चित किया जाए। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी पारदर्शिता और तत्परता से की जाएगी।

## एक नजर में



### नेता प्रतिपक्ष ने मां नर्मदा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सोमवार को अनूपपुर जिले के दौरे पर हैं। वे रविवार रात अमरकंटक पहुंचे और रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह मां नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंह ने जानकारी दी कि श्री सिंघार का आज का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। सुबह उन्होंने पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजेन्द्रग्राम में कार्यकर्ताओं की बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद वे जैतहरी रवाना होंगे, जहाँ जिला कांग्रेस अनूपपुर द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा और वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। शाम 4.15 बजे नेता प्रतिपक्ष अनूपपुर जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे, जहां वे जनता से मुलाकात करेंगे और पत्रकार वार्ता भी करेंगे।

### रेलवे ओवरब्रिज पर अब श्रेय संग्राम शुरू

**अनूपपुर, नवभारत।** शहर का बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज पिछले



9 वर्षों से अधूरा पड़ा रहा। लगातार 20 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार रहने के बावजूद जनता धूल, जाम और असुविधा झेलने को मजबूर रही। अब जब यह पुल अगले 5 से 7 महीनों में पूरा होने की दिशा में है, तो राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर श्रेय लेने की होड़ मच गई है। कांग्रेस पार्षद वार्ड क्रमांक 4 के दीपक शुक्ला ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पुल बनाने में 9 साल लगा दिए और अब जब जनता की उम्मीद पूरी होने वाली है, तो श्रेय लेने के लिए होड़ मचाई जा रही है। शुक्ला ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब जनता सालों तक जाम और परेशानियों से जूझ रही थी तब सरकार और नेता खामोश बैठे थे। पुल की लड़ाई ओवरब्रिज संघर्ष समिति और जनता की है, जिन्होंने आंदोलन किए, बाजार बंद करवाए और थाना तिराहे पर अनशन किया। यह पुल जनता का है, किसी दल या नेता का नहीं, चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा।

**सरकार की लापरवाही से विकास वर्षों तक रुका रहा**

स्थानीय नागरिक भी मानते हैं कि सरकार की लापरवाही से शहर का विकास वर्षों तक रुका रहा। कांग्रेस पार्षद के बयान के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है। ओवरब्रिज का काम पूरा होने के बाद शहरवासियों को ट्रैफिक जाम और घंटों की मशक्कत से राहत मिलेगी, लेकिन उससे पहले राजनीति का यह श्रेय संग्राम खुद शहर का सबसे बड़ा पुल बन चुका है।

# नालसा आशा यूनिट की दी जानकारी

▶ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ियारास, आंगनबाड़ी केन्द्र मेड़ियारास, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सकोला (खोली), आंगनबाड़ी केन्द्र सकोला (खोली), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई, आंगनबाड़ी केन्द्र अमलाई तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अमलाई में आयोजित हुए। जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण हेतु विधिक सेवाएं योजना और नालसा आशा यूनिट (अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प एंड एक्शन) के बारे में जानकारी दी।

### नशामुक्त भारत अभियान के बारे में बताया

जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने नशामुक्त भारत अभियान, नशीली दवाओं से मुक्ति एवं पुनर्वास की योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार और कर्तव्य, यातायात नियम तथा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी। शिविरों में विद्यालयों के प्राचार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पैरालीगल वालेंटियर्स, विद्यार्थी एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चे उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री जायसवाल का आगमन आज

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



दिलीप जायसवाल 15 सितम्बर की रात्रि 10.20 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे 16 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे तथा प्रातः 10.40 बजे अनूपपुर से बिजुरी के लिए रवाना होंगे। इसके उपरांत वे प्रातः 11.45 बजे अपने निज निवास बिजुरी पहुंचेंगे। श्री जायसवाल के शेष दौरे का कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

## अभिभाषक संघ कोतमा के चुनाव आज

**कोतमा नवभारत 15 सितंबर।** अभिभाषक संघ कोतमा के चुनाव हेतु पदवार वैध प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी गई है। सहायक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की गई।

घोषित सूची के अनुसार विभिन्न पदों हेतु प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद हेतु राजेश सोनी, राकेश शर्मा, रामलखन विश्वकर्मा, अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पद हेतु इकबाल अहमद, अमृतलाल केवट, अनुज सोनी, सचिव पद हेतु जसवीर सिंह, मो. युनुस, सुषमा कैथल, पंकज मिश्रा, संजीव कुमार जायसवाल, सह सचिव पद हेतु छोटेलाल रैदास, शिवम सिंह, केदार प्रसाद गौतम, कोषाध्यक्ष पद हेतु दुर्गेश मिश्रा, कमलेश कुमार यादव, चंद्रकांत सिंह, पुस्तकालय प्रभारी पद हेतु अनुज विश्वकर्मा, मनोज कुमार बारी शामिल है।




### मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से करने की अपील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उपेन्द्र सिंह एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रमाणित सूची जारी की है और कहा कि 16 सितंबर को अधिवक्ता संघ कक्ष में 375 अधिवक्ता मतदाताओं द्वारा 12 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना का कार्य किया जाएगा, जो कि शांतिपूर्ण तरीके से करने की अपील की गई है। यह चुनाव अभिभाषक संघ की गतिविधियों को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# खाद वितरण केंद्र में अव्यवस्था का आलम

▶ किसानों को दिनभर इंतजार करने के बाद भी मायूसी हाथ लगी



**कोतमा नवभारत 15 सितम्बर।** क्षेत्र के खाद वितरण केंद्र पर किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। किसान सुबह से ही केंद्र पर खाद प्राप्त करने पहुंचे थे, लेकिन दिनभर की लंबी प्रतीक्षा के बावजूद अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल सका।

केंद्र पर स्थिति इतनी अव्यवस्थित रही कि हल्ला-गुल्ला और धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। किसानों के चेहरे पर मायूसी और नाराजगी साफ झलक रही थी। कई किसानों ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि फसल बुवाई के समय पर खाद मिल जाएगा, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें निराशा झेलनी पड़ रही है।

### खाद वितरण में पारदर्शिता की कमी

किसानों ने बताया कि सुबह से खड़े-खड़े शाम हो गई, परन्तु खाद वितरण में किसी तरह की पारदर्शिता और व्यवस्थापन नहीं दिखा। केंद्र में भीड़ को संभालने और किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रभावी प्रयास नहीं किया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो उनकी खेती पर गंभीर असर पड़ेगा और वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए : किसान

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि किसानों को शीघ्र ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी फसलें प्रभावित न हों। खाद वितरण केंद्र की इस अव्यवस्था ने किसानों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। प्रशासन यदि समय रहते समाधान नहीं करता है, तो किसानों की नाराजगी उग्र रूप ले सकती है।

# 6 नाबालिग वाहन चालकों पर कार्रवाई



**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 8 से 22 सितम्बर तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नाबालिग चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन एवं कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक कमलेश सिंह चौहान की टीम द्वारा नगर के विभिन्न विद्यालयों के आसपास वाहनों से आने-जाने वाले छात्रों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 6 नाबालिग छात्र मोटरसाईकिल चलाते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

### अभियान लगातार जारी रहेगा

पुलिस ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने अभिभावकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें और सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।



# अनुशासन और सेवा भावना का पढ़ाया पाठ

▶ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड बिजुरी द्वारा आयोजित प्रारंभिक वर्ग खेल ग्राम राजनगर में 12 से 14 सितम्बर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

तीन दिवसीय शिविर में खंड बिजुरी के 49 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही मंडल से आए कार्यकर्ताओं को भी संघ के शिक्षकों द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के दौरान अनुशासन, संगठन, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। स्वयंसेवकों ने योग, खेलकूद, अभ्यास, नेतृत्व क्षमता और समर्पण जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। आयोजन को लेकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा साफ दिखाई दी। स्वयंसेवकों ने इसे संघ की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### राष्ट्रहित में कार्य करने प्रेरित करेगा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित यह प्रारंभिक वर्ग खंड बिजुरी में संगठन की मजबूती और समाज सेवा के लिए प्रेरक कदम साबित होगा। प्रतिभागियों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्राप्त प्रशिक्षण उन्हें राष्ट्रहित में कार्य करने और समाज के लिए समर्पित होकर सेवा करने की दिशा में प्रेरित करेगा।

## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कोतमा थाना पुलिस ने ग्राम पैरीचुआ केवई घाट में घेराबंदी कर अवैध रेत से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एमपी 65 एए 4658 नंबर का नीले रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया, जिसमें लगभग 2 घन मीटर रेत लोड था। इसके साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख बताई गई है, को भी कब्जे में लिया गया। वाहन चालक नर्मदा प्रसाद केवट को मौके से पकड़ा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



**आयोजन** | 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान, जिला पंचायत सीईओ ने दी विभागों को जिम्मेदारी

# जनकल्याण योजनाओं के होंगे विशेष कार्य, जनभागीदारी पर जोर

**अनूपपुर, नवभारत 15 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस अभियान में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण योजनाओं पर विशेष कार्य किए जाएंगे।

अभियान के प्रमुख कार्यक्रम जिसमें रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण, महिला स्व सहायता समूहों व स्थानीय कारीगरों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी, मेले का



आयोजन, गांधी जयंती पर खादी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान, विकसित भारत थीम पर चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता व संगोष्ठी, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान आदि कर्मयोगी अभियान शामिल है। अभियान की शुरुआत के अवसर पर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, एनीमिया और क्षय रोग की जांच तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### व्याख्यान व परिचर्चाएं आयोजित होंगी

अभियान के दौरान विद्यालयों में व्याख्यान व परिचर्चाएं होंगी। महिलाओं को साबुन से हाथ धोने और शौचालय उपयोग के महत्व पर जागरूक किया जाएगा।

साथ ही गीला, सूखा और हानिकारक कचरे का पृथक्करण, घरेलू एवं सामुदायिक शौचालयों का सौंदर्यीकरण, श्रमदान से नाले खाली करने व जैविक खाद तैयार करने का कार्य, बाजारों व सार्वजनिक स्थानों की सफाई, प्लास्टिक कचरे का संग्रहण व निपटान जैसे कार्यों पर विशेष बल दिया जाएगा।

### व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

सीईओ ने निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और आमजनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभियान की गतिविधियों का सोशल मीडिया, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग सरिता नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनोद परस्ते, सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।